आर.एन.आई. नं. DELHIN/2017/73538

परम पू. कैलाश जी 'मानव'

सेवा पाती

52 दिव्यांग जोड़े शादी के बंधन में बंधे

दिल्ली में उल्लास और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ 32 वां दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह समारोह

मूल्य » ₹ 5 ● वर्ष-02 ● अंक » 24 ● मुद्रण तारीख » 1 अप्रैल-2019 ● कुल पृष्ठ » 28

नारायण महावीर प्राकृतिक चिकित्सालय

प्रकृति ही हमारी सच्ची स्वास्थ्य रक्षक है

राजस्थान का कश्मीर कही जाने वाली झीलों की नगरी उदयपुर से 15 कि.मी दूर अरावली पर्वतमाला की सुरम्य वादियों के आंचल में लियों का गुड़ा गांव स्थित नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर में नारायण महावीर प्राकृतिक चिकित्सालय असाध्य रोगों से ग्रस्त उन महानुभावों को आरोग्य प्रदान कर रहा है जो अन्य चिकित्सा पद्धतियों से निराश हो चुके थे तथा इन रोगों को अपनी नियती मानकर अभिशप्त जीवन जी रहे थे। ऐसे ही निराश महानुभावों को संस्थान में पधार कर स्वास्थ लाभ लेने का सादर आमंत्रण है।

- पूर्णतः प्राकृतिक वातावरण में प्राकृतिक चिकित्सा विधि से नाना प्रकार के रोगों का इलाज ।
- चिकित्सालय में भर्ती होने वाले रोगियों की दिनचर्या प्राकृतिक चिकित्सक के निर्देशानुसार निर्धारित होती है।
- रोगियों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार आहार चिकित्सा दी जाएगी।
- आवास एवं भोजन की सुव्यवस्था।

नेचुरोपैथी के साथ योगा थेरेपी एवं एडवांस एक्यूपंक्चर थेरेपी भी उपलब्ध है। सम्पर्क करें:- 0294 6622222, 09649499999

/nssudaipur /narayansevasansthan /@narayanseva_ narayansevasansthan

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

सेवा पाती

1 अप्रैल, 2019

वर्ष 02 अंक 24 मूल्य ₹ 05

कुल पृष्ठ » 28

संपादक मंडल

मार्ग दर्शक » कैलाश चन्द्र अग्रवाल
सम्पादक » प्रशान्त अग्रवाल
डिजाइनर » विरेन्द्र सिंह राठौड़

संपर्क (कार्यालय)

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

नारायण सेवा संस्थान

सेवा-पाती (मासिक पत्रिका)

मुद्रण तारीख 1 अप्रैल, 2019 स्वत्वाधिकार नारायण सेवा संस्थान, प्रकाशक जतन सिंह द्वारा 6473, कटरा बरियान, फतेहपुरी, दिल्ली-110006 से प्रकाशित तथा एम.पी. प्रिंटर्स नोएडा से मुद्रित।

Web » www.narayanseva.org
E-mail » info@narayanseva.org

हिरण मगरी, सेक्टर-4 उदयपुर (राज.)-313002, फोन नं. : 0294-6622222, मो नं. : 09649499999

CONTENTS

इस माह में

पाठकों हेतु

वरिष्ठ नागरिक मन की ताकत 'बुढ़ापे का इलाज' 05

सुहाना सफर 52 दिव्यांग एवं निर्धन जोड़े शादी के बंधन में बंधे 10

स्नेह मिलन 400 से अधिक सेवा सहयोगी हुए शामिल 15

अन्य स्तंभ

- अपनों से अपनी बात 04
- पशोपेश में आज की नारी 06
- सावित्रीबाई फुले 07
- बच्चों को दें भरपूर पोषण 08
- सिख धर्म के पांचवें गुरू अर्जन देव 09
- राज्यपाल का संदेश 12
- हाथी पांव के इलाज में मदद 13
- ल्यूकेमिया पीड़ित को नया जीवन 13
- कैंसर पीड़ित कुसुम का इलाज 14
- श्री राम कथा एवं दीन बंधु वार्त्ता 16
- सहायता शिविर 17
- शहर-गांव भक्ति की रसधार 18
- झीनी-झीनी रोशनी (5) 19
- दानवीर भामाशाहों का आभार 20
- दान सहयोग हेतु अपील 21
- शिविर सहयोग 22
- भोजन-नाश्ता सहयोग 23

अपनों से अपनी बात

पू. कैलाश 'मानव'

जैसा संग वैसा रंग

बुरे लोगों की संगति कभी नहीं करनी चाहिए और अच्छे लोगों का साथ भी कभी नहीं छोड़ना चाहिए,अन्यथा जीवन में सिवाय पश्चाताप के कुछ भी न मिलेगा।

रोम में एक ख्यातिप्राप्त चित्रकार थे। वह अपनी चित्रकारी में सदैव नित नए-नए प्रयोग करते और सदैव प्रशंसा पाते। एक दिन उनके मन में विचार आया कि वह एक ऐसे व्यक्ति का चित्र बनाएं जिसके चेहरे पर, करूणा, दया, मासूमियत, सरलता, निस्वार्थता आदि गुण प्रदर्शित होते हों। कई शहरों में अपनी खोज जारी रखी। अन्ततः एक गिरजाघर में उन्हें एक बालक मिला, जो उनकी कल्पना का मूर्त रूप था। उन्होंने बालक को अपने सामने बिठाकर उसका हूबहू चित्र बना दिया। उस चित्र की इतनी प्रतियाँ बिकी कि चित्रकार मालामाल हो गया। इस घटना के लगभग अठ्ठारह वर्ष बाद चित्रकार के मन में एक अत्यंत ही दुष्ट व्यक्ति का चित्र बनाने का विचार आया। वह ऐसे व्यक्ति की खोज में निकला जिसके चेहरे पर क्रूरता, धूर्तता, कपटता, जैसे दुर्गुण स्पष्ट झलकते हों। उसकी यह खोज एक जेल में पूर्ण हुई। वहाँ उसे एक कैदी मिला जो बिल्कुल उसकी सोच के अनुरूप था। चित्रकार ने कैदी के समक्ष उसका चित्र बनाने की मंशा ज़ाहिर की तो कैदी ने इसका कारण पूछा तो चित्रकार ने 18 वर्ष पूर्व उसके द्वारा एक मासूम चेहरे के बनाये चित्र को दिखाते हुए कहा कि वह अब इस इस मासूम चेहरे के विपरीत गुणों वाले चेहरे का चित्र बनाना चाहता है। चित्र को देखते ही कैदी रो पड़ा चित्रकार ने रोने का कारण पूछा तो कैदी ने कहा-यह चित्र मेरे ही बचपन का है। आश्चर्यचकित चित्रकार बोला-तुम यहां कैसे पहुँचे? उसने बताया कि मेरे भोले और निस्वार्थ स्वभाव का दुष्ट लोगों ने अनुचित लाभ उठाया। मैं जब तक उनकी चाल समझता, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उसी कुसंगति के कारण मैं यहां पहुँचा। मित्रों! इस प्रसंग से सबक मिलता है कि बुरे लोगों की संगति कभी नहीं करनी चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

'सेवक' प्रशान्त भैया

प्रार्थना का अर्थ

प्रभु हमेशा ऐसे ही लोगों की प्रार्थना स्वीकार करते हैं जो मन, वचन व कर्म से नेक होते हैं और मानवीय गुणों को संजोए रखते हैं।

यहूदी गुरू बार्डिक्टैव हर व्यक्ति को सुख-शांति के उपाय बताया करते थे। एक बार उनके पास एक व्यक्ति आया और हाथ जोड़कर बोला, 'महाराज, मैं एक गरीब गाड़ीवान हूं। गाड़ी चलाकर अपना व परिवार का भरण-पोषण करता हूं। मेरा सारा दिन काम में ही बीत जाता है और प्रभु स्मरण का जरा भी वक्त नहीं मिलता। ऐसे में मेरा कल्याण कैसे हो पाएगा? गरीब गाड़ीवान की बात सुनकर बार्डिक्टेव बोले, 'क्या तुम अपनी गाड़ी से ऐसे लोगों को भी गंतव्य तक पहुंचाते हो जो अक्षम, दिव्यांग हैं और जो किराया देने में असमर्थ हैं ?'गाड़ीवान ने कहा, 'हां, मैं दिव्यांग व गरीब से किराया नहीं लेता और सकुशल उन्हें गंतव्य तक पहुंचाता हूं। अपनी कमाई के कुछ हिस्से से बेजुबान पशु-पक्षियों को दाना भी खिलाता हूं।' गाड़ीवान की बातें सुनकर गुरू बार्डिक्टैव बोले,'भइया, तुम्हारे मन में दया भावना है जो किसी प्रार्थना से कम नहीं है। प्रार्थना का उद्देश्य भी अपने जीवन को सार्थक करना है और यह सार्थकता दूसरे रास्तों से भी पाई जा सकती है। प्रभु हमेशा ऐसे ही लोगों की प्रार्थना स्वीकार करते हैं जो मन, वचन व कर्म से नेक होते हैं और मानवीय गुणों की रक्षा करते हैं। तुम भी प्रभु के ऐसे ही बंदों में से एक हो। इसलिए तुम चिंतामुक्त होकर ऐसे ही अपने कार्य में लगे रहो जैसे अभी लगे हो। तुम्हारा कल्याण स्वतः होगा।' उनकी बातों से गाड़ीवान संतुष्ट हुआ और काम पर निकल गया। बंधुओं। सेवा के ऐसे ही अवसर आपको नारायण सेवा संस्थान में उपलब्ध होंगे। उदयपुर में 13 अप्रेल को चैत्र नवरात्रा की अष्टमी को बड़ी संख्या में उन दिव्यांग कन्याओं का पूजन होगा, जिनके नवरात्रा के दौरान संस्थान में निःशुल्क ऑपरेशन सम्पन्न होंगे। इसमें सहभागी बनकर आपश्री पुण्यार्जन करें।

वरिष्ठ नागरिक

मन की ताकत 'बुढ़ापे का इलाज'

भारत रत्न से सम्मानित डॉ. मोक्षगुण्डम् विश्वेश्वरैया ने सौ वर्ष से अधिक की आयु पाई और अन्त तक सक्रिय जीवन व्यतीत किया। एक बार एक व्यक्ति ने उनसे पूछा-'आपके चिर यौवन का रहस्य क्या है? डॉ. विश्वेश्वरैया ने जवाब दिया-'जब बुढ़ापा मेरा दरवाजा खटखटाता है तो मैं भीतर से बोलता हूँ कि विश्वेश्वरैया घर पर नहीं है। बुढ़ापे से मेरी मुलाकात हो नहीं पाती तो वह मुझ पर हावी कैसे हो सकता है?

जैसा मन वैसा तन। जब कोई बूढ़ा न होने की ठान लेता है तो वह चिर युवा बना रहता है अंत तक सक्रिय व सक्षम भी। वस्तुतः मनुष्य उतना ही बूढ़ा या जवान है जितना वह अनुभव करता है। बुढ़ापा तन का नहीं, मन का होता है.....।

मन जवां तो तन जवां। आप की सोच इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण है अतः सोच में सकारात्मक परिवर्तन द्वारा सदैव युवा बने रहें और सक्रिय जीवन व्यतीत करें। वैसे भी यदि आप सक्रिय जीवन व्यतीत करते हैं तो बुढ़ापा पास नहीं फटकता।

- अपनी दिनचर्या को नियमित रखें तथा समय पर सब काम पूरें करें।
- पर्याप्त नींद लें। अधिक सोना और कम सोना दोनों ही अच्छे स्वास्थ्य के शत्रु हैं।
- नजदीक आने-जाने के लिए वाहन का प्रयोग करने के बजाय पैदल आएं-जाएं।
- अपना छोटा-मोटा सामान खुद उठाएं और पैदल चलकर घर आएं। सीढ़ियों पर बार-बार चढ़ने-उतरने और इधर-उधर आने-जाने को परेशानी का कारण न मानें अपितु इसे व्यायाम के रूप में लें।
- हंसना न केवल एक अच्छा व्यायाम और उपचारक क्रिया है अपितु तनावमुक्ति का साधन भी है।
- खूब ठहाके लगाएं।
- मन को सकारात्मक विचारों से ओतप्रोत रखें। इसके लिए नियमित रुप से प्रेरणास्पद साहित्य पढ़ें।
- आत्म विश्वास से भरपूर रहें। विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल को ऊंचा बनाए रखें।
- भावनात्मक संतुलन बनाएं रखें।छोटी - छोटी बातों पर भावुक न हों।
- मानसिक रुप से चुस्त - दुरुस्त बने रहने के लिए दिमागी कसरत करते रहें। वर्ग पहेली भरने अथवा गणित के सवाल निकालने से व्यक्ति दिमागी तौर पर अधिक सक्रिय रहता है।
- भोजन के संबंध में विशेष रुप से सतर्क रहें। फास्ट फूड व जंक फूड की बजाय सादा व प्राकृतिक भोजन को लें। भोजन में ताजा फल-सब्जियों की मात्रा अधिक होनी चाहिए ताकि पर्याप्त मात्रा में एंटीआक्सीडेंट मिल सकें।

बढ़ती उम्र के अहसास को परिवर्तित करके, विषाक्त मनोभावों तथा आदतों से छुटकारा पाकर जीवन में सक्रियता अथवा क्रियाशीलता बनाए रखकर जीवन में लचीला होने की विधि सीखकर तथा अपने जीवन से प्रेम को अत्यधिक महत्वपूर्ण तत्व बनाकर हम सदैव युवा बने रह सकते हैं।

बुढ़ापे से बचने तथा चिरयुवा बने रहने के लिए मन में नियमित रुप से निम्नलिखित स्वीकारोक्तियां करें:

- मैं एकदम युवा हूं और मेरा स्वास्थ्य बहुत अच्छा है।
- प्रतिदिन हर तरह से मैं अधिकाधिक स्वस्थ्य हो रहा हूं।
- प्रतिदिन हर तरह से मैं अधिकाधिक स्वस्थ हो रहा हूं ।
- निर्भय होकर मैं अत्यंत सक्रिय, साहसी तथा अनुशासित जीवन व्यतीत कर रहा हूं।
- मेरी प्रकृति में लचीलापन है तथा मैं जीवन में परिवर्तनों तथा चुनौतियों को स्वीकार करता हूं। मैं आत्मविश्वास तथा उत्साह से परिपूर्ण हूं।
- मैं विषाक्त मनोभावों तथा आदतों से मुक्त हूं।
- नकारात्मक विचार एवं नकारात्मक सुझावों का मेरे ऊपर तथा मेरे मन के किसी भी स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
- प्रेम, करुणा, देखभाल मेरे जीवन के महत्वपूर्ण तत्व हैं।
- जीवन मेरे लिए एक अमूल्य उपहार है तथा मैं सम्पूर्ण चेतनता के साथ जीवन का आनंद उठाता हूं।

आधी दुनिया

पशोपेश में आज की नारी

नारी या महिला पर बात करना बहुत मुश्किल है। ये अनेक भागों में बंटी है। शहरी-ग्रामीण शिक्षित-अशिक्षित,घरेलू-नौकरी पेशा आदि। एक छद्म एहसास है कि केवल ग्रामीण, अशिक्षित और बेरोज़गार महिला ही वंचित है जिसे सशक्त करने की आवश्यकता है। मेरा मानना है कि हर महिला की अपनी चुनौतियां हैं, कठिनाइयां हैं।

अबकी बार औरों से इतर शहरी पढ़ी लिखी, नौकरी पेशा सशक्त (?) महिला की बात करने की इच्छा है। इस श्रेणी की महिला की यदि बोन्साई प्लांट से तुलना की जाए तो ज़्यादा बेहतर होगा। समाज की इनसे जो अपेक्षाएं हैं वो विरोधाभासी हैं। वो इस महिला को पंख तो देता है लेकिन पांव में बेड़ियां पहना कर। बोन्साई प्लांट की तरह इसमें एक बड़े विशाल वृक्ष की भांति सभी विशेषताएं तो हों, लेकिन कद एक निश्चित सीमा के बाद न बढ़ने पाए। ज़रा सा बाहर आते ही कटाई-छंटाई शुरू... निश्चित लम्बाई और चौड़ाई। इतने तय मापदंड हैं कि यदि वो चुप रहती हैं तो डरपोक, बोलती है तो बदचलन, झुकती हैं तो कमज़ोर, उठती हैं तो विद्रोही। बड़ी पेशोपेश में है ये नारी। तमाम अपेक्षाओं के कोलाहल को सीने में दबाए अच्छी बुरी यादों-वादों और इरादों की अनेकों सतहों पर तैरती महिला को सशक्तिकरण की आभासी दुनिया से बाहर लाकर वास्तविक सशक्त करने में परिवार व समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपरी भागीदारी सुनिश्चित करे।

औरों की अपेक्षाओं पर खरी उतरने का सार्थक प्रयास करती, कल, आज और कल के बीच समानुपातिक संतुलन बिठाने का सतत् जतन करती, पश्चिम की संस्कृति का अंधा अनुकरण करती महिला को भी चाहिए कि वो स्वतंत्रता और स्वच्छन्दता में फर्क समझे। अपनी भूमिका को पुनर्परिभाषित करे। भारतीय समाज चिरकाल से विश्व मानस पटल पर अपनी अक्षुण्ण परम्परा को अंकित करता आया है, जिसकी महती ज़िम्मेदारी महिला की भी है। इतने विकास के बावजूद भी महिला आज भी समाज की धुरी है। महिला, 'मैं ही' की जगह 'मैं भी' में विश्वास करे तभी एक सुदृढ़, स्वस्थ, सफल और खुशहाल समाज स्थापित हो पाएगा और हम अपने पूर्वजों की सांस्कृतिक धरोहर आने वाले पीढ़ी को हस्तांतरित कर पाएंगे। मनन् करें ...

डॉ. गायत्री तिवारी
म.प्र.कृ.प्रौ.वि.वि., उदयपुर

नारी रत्न

सावित्रीबाई फुले

इतिहास इस बात का गवाह है कि जब-जब समाज और राष्ट्र में शोषण, अन्याय और अत्याचार बढ़ता है और मूलभूत मानवीय अधिकारों का हनन होने लगता है, तो उस समाज में इस दमन-चक्र के खिलाफआवाज उठाने के लिए कोई महापुरूष जन्म लेता है। सावित्रीबाई फुले ऐसे ही आदर्शों की महान श्रृंखला की एक गौरवशाली कड़ी थी, जो देश में सामाजिक क्रांति एवं नारी शिक्षा के साथ-साथ देश के हजारों गरीब, प्रताड़ित तथा शोषित लोगों की एक सशक्त आवाज बनकर उभरीं और अपने व्यक्तिगत सुख-दुख को तिलांजलि देकर पूरा जीवन देश में एक अभिनव शिक्षा क्रांति के लिए समर्पित कर दिया।

सावित्राबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले की खण्डाला तहसील के नायगांव में माली परिवार में 3 जनवरी 1831 को हुआ। इनके पिता का नाम खन्दोजी नेवसे और माता का नाम लक्ष्मी देवी था। सावित्रीबाई का विवाह 1840 में ज्योतिबा फुले से हुआ। वे भारत की जुझारू समाज सुधारिका, महान राष्ट्रनायिका एवं मराठी कवयित्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव (ज्योतिबा) गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्रियों के अधिकारों एवं शिक्षा के लिए बहुत कार्य किए। ज्योतिबा ने अशिक्षित पत्नी सावित्रीबाई को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया। उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन पत्नी को शिक्षित और प्रशिक्षित किया। उन्हें देश की प्रथम शिक्षिका बनाकर नारी उत्थान का मार्ग ही प्रशस्त कर दिया। उन्होंने न केवल शिक्षित किया बल्कि जन-जन को शिक्षित करने की जिम्मेदारी भी दी। शिक्षित होकर सावित्री बाई ने कन्याशाला प्रारंभ की, जिसके खिलाफ कट्टरपंथियों ने मोर्चाबंदी की और उन्हें तरह-तरह से परेशान करना प्रारंभ कर दिया। उन्होंने पिता गोविंदराव को दबाव में लाकर फुले दंपति को घर से बहिष्कृत करवा दिया, क्योंकि उनके पिता भी नारी शिक्षा को अनुचित मानते थे।

सावित्राबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। महात्मा ज्योतिबा को महाराष्ट्र और भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में माना जाता है। ज्योतिराव, जो बाद में ज्योतिबा के नाम से जाने गए सावित्रीबाई के सरंक्षक, गुरू और समर्थक थे। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। वे एक कवयत्री भी थीं उन्हें मराठी की आदि कवयित्री के रूप में भी जाना जाता था।

सावित्रीबाई फुले अपने कार्यों से समाज में सदा अमर रहेंगी। उनके प्रति आभार, सम्मान, और उनके योगदान को स्मरण करने के लिए भारत में सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन 3 जनवरी को 'भारतीय शिक्षा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। भारत सरकार ने सावित्रीबाई फुले के सम्मान में 1997 में दो रूपये का डाक टिकट भी जारी किया।

बालवाड़ी

बच्चों को दें भरपूर पोषण

महानगरों की जीवनशैली में बाजार के भोजन का सेवन बहुत बढ़ गया है। इस वजह से नई पीढ़ी में कुछ व्यावहारिक समस्याएं पैदा हो रही हैं। इससे बचाव के लिए कुछ उपाय अपनाए जा सकते हैं। अपने बच्चे के भोजन में क्या बदलाव लाएं और कैसे, आइए जानें।

बच्चे आहार के मामले में काफी संवेदनशील होते हैं। उनका दिमाग और शरीर विकास की अवस्था में रहता है, इसलिए उन्हें कितना और क्या खाना चाहिए, इस बात पर ध्यान देना बहुत ज़रूरी है। आप कुछ ज़रूरी बातों पर ध्यान देकर अपने बच्चों के आहार को संतुलित बना सकते हैं और उनकी सेहत सुधार सकते हैं।

बच्चों की आम समस्याएं

आमतौर पर बच्चों में एकाग्रता में कमी, उग्रता,स्मरणशक्ति में कमी, असामाजिक व्यवहार, पढ़ाई के बोझ से उबर न पाना आदी समस्याएं दिखती हैं। उनके खान - पान की गलत आदतों एवं भोजन में पोषक तत्वों में कमी की वजह से ऐसा हो रहा है।

क्या हैं बचाव के उपाय

- स्नैक्स में अनाज के सैंडविच, इडली,डोसा, स्प्राउट्स आदि हो तो अच्छा है।
- सोफ्ट ड्रिंक और मीठे पेय पदार्थों की बजाय बच्चे को पानी पीने को प्रोत्साहित करें। समय - समय पर नींबू पानी भी दें।
- बच्चों के खान- पान में शर्करा की मात्रा कम रहे, इस बात का ध्यान रखें।
- स्कूल फूड में पैकेज्ड फूड को नजरअंदाज करें।
- बच्चें को हानिकारक खाद्य पदार्थ के बुरे प्रभावों के बारे में बताएं और यह भी बताएं कि कौनसा खाना कब खाएं।
- उन्हें बाजार की चीजें खाने से रोकें और उनके नुकसान समझाएं।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ

- कई विटामिनों की कमी बच्चों को चिड़चिडा बना देती है। नियासिन, 4 पैंटोथेनिक एसिड, 5 थाइमिन 6, विटामिन बी 67, विटामिन सी 8 इनमें शामिल हैं।
- न्यूट्रीशियन की कमी से किशोर प्रायः चिड़चिड़े हो जाते हैं।
- बाइपोलर डिस्ऑर्डर (एक तरह की मानसिक परेशानी) के अधिक उपयोग से ठीक हो सकती है, क्योंकि उनमें प्राकृतिक लीथियम रहता है।
- आयरन की कमी बच्चों में उग्रता पैदा कर रही है। आयरन की कमी ही किशोर के उग्र व्यवहार के लिए जिम्मेदार है।
- जिंक, आयरन, विटामिन बी, प्रोटीन की कमी की वजह से बच्चे का आईक्यू कम हो जाता है जो बाद में उनसे असामाजिक बना देता है। ये सारे पोषक तत्व दिमाग के विकास के लिए जरुरी हैं।
- ऑटिज्म के शिकार हुए बच्चों में विटामिन ए, बी1, बी 3, बी 5 के अलावा बायोटिन, मैगनीशियम, सेलेनियम और ज़िंक जैसे पोषक तत्वों की कमी होती है।

महापुरूष

जो सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी खूब लड़े

सिख धर्म के पांचवें गुरू अर्जन देव

सिख धर्म के पांचवें गुरू अर्जन देव सर्वधर्म समभाव के प्रखर पैरोकार होने के साथ-साथ मानवीय आदर्शों के लिए आत्म बलिदान करने वाले एक महान आत्मा थे। उनका जन्म सिख धर्म के चौथे गुरू, गुरू रामदासजी व माता भानीजी के घर 15 अप्रैल 1563 को गोइंदवाल अमृतसर, पंजाब में हुआ।

गुरू अर्जनदेवजी की निर्मल प्रवृति, सहृदयता, कर्तव्यनिष्ठता तथा धार्मिक एवं मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए गुरू रामदासजी ने 1581 में पांचवें गुरू के रूप में उन्हें गुरू गद्दी पर सुशोभित किया। इस दौरान उन्होंने गुरूग्रंथ साहिब का संपादन किया, जो मानव जाति को इस पंथ की सबसे बड़ी देन है। संपूर्ण मानवता में धार्मिक सौहार्द पैदा करने के लिए अपने पूर्ववर्ती गुरूओं की वाणी को जगह-जगह से एकत्र कर उसे धार्मिक ग्रंथ में परिष्कृत किया। गुरूजी ने स्वयं की उच्चारित 30 रागों में 2,218 शबदों को भी श्री गुरूग्रंथ साहिब में दर्ज किया है।

14 अप्रैल: जयंती विशेष

यह उन दिनों की बात है, जब बाला और कृष्णा पंडित कथाएं करके लोगों को खुश करते हुए अपना जीवन यापन किया करते थे। एक दिन वे गुरू अर्जन देव जी के दरबार में उपस्थित हुए और प्रार्थना करने लगे-महाराज.....। हमारे मन में शांति नहीं है। आप ऐसा कोई उपाय बताएं जिससे हमें शांति प्राप्त हो। तब गुरू अर्जन देवजी ने कहा- अगर मन की शांति चाहते हो तो जैसे आप लोगों को कहते हो उसी प्रकार आप भी अनुसरण करो, अपनी कथनी पर अमल किया करो। परमात्मा को संग जानकर उसे याद रखा करो। अगर आप सिर्फधन इकट्ठा करने के लालच से कथा करोगे तो आपके मन को शांति कदापि प्राप्त नहीं होगी। बल्कि उल्टा आपके मन का लालच बढ़ता जाएगा और पहले से भी ज्यादा दुखी हो जाओगे।

कथा करने के अपने तरीके में बदलाव कर निष्काम भाव से कथा करो, तभी तुम्हारे मन में सच्ची शांति महसूस होगी। अपने ऐसे पवित्र वचनों से दुनिया को उपदेश देने वाले गुरूजी का मात्र 43 वर्ष का जीवनकाल अत्यंत प्रेरणादायी रहा। वे आध्यात्मिक चिंतक एवं उपदेशक के साथ ही समाज सुधारक भी थे। अपने जीवन काल में गुरूजी ने धर्म के नाम पर आडंबरों और अंधविश्वास पर कड़ा प्रहार किया। सती प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी वे डंटकर खड़े रहे। गुरू अर्जन देवजी ने 'तेरा कीआ मीठा लागे, हरिनाम पदारथ नानक मांगे' शबद का उच्चारण करते हुए सन् 1606 में अमर शहीदी प्राप्त की।

सुहाना सफ़र

52 दिव्यांग निर्धन जोड़े शादी के बंधन में बंधे

दिल्ली में उल्लास और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ 32 वां सामूहिक विवाह समारोह

पोलियो से ग्रस्त या जन्म से दिव्यांग व्यक्तियों सहित दिव्यांगों की निशुल्क सर्जरी के लिए अस्पताल चलाने वाले धर्मार्थ संस्थान नारायण सेवा संस्थान ने एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह की मेजबानी करते हुए 52 दिव्यांग और आर्थिक रूप से निराश्रित जोड़ों के विवाह की खुशी दोगुनी कर दी।

नारायण सेवा संस्थान की ओर से देश के विभिन्न राज्यों से चुने गए यह जोड़े 2-3 मार्च को दो दिवसीय 32वें 'दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह समारोह-2019' में शादी के बंधन में बंध गए। नारायण सेवा संस्थान ने इससे पूर्व 31 सामूहिक विवाह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं और 1,300 से अधिक जोड़ों को अपनी नई पारी शुरू करने में मदद की है। इस दौरान कन्यादान में घरेलू उपयोग के उपकरणों और उपहारों को देकर विवाहित जीवन की शुरुआत में मदद की गई। इस सामूहिक विवाह समारोह में इनके परिवारों के लगभग 3000 मेहमानों ने भाग लिया और इन जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

'नारायण सेवा संस्थान पिछले 18 वर्षों से दिव्यांग विवाह का आयोजन कर रहा है। नारायण सेवा संस्थान के सभी प्रयासों का उद्देश्य दिव्यांगों और निर्धन व्यक्तियों को सहायता प्रदान करना है ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाया जा सके। संस्थान न केवल चिकित्सा सर्जरी, शिक्षा और कौशल विकास के साथ

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

दिव्यांगों का सहयोग करता है बल्कि उनकी सामाजिक जरूरतों का भी ख्याल रखता है, जैसे कि उन्हें जीवन साथी खोजने में मदद करना, उन्हें अपना घर बसाने और जीवन शुरू करने में मदद करना आदि।'

उदाहरण के लिए धूलिया (महाराष्ट्र) की जया और दीपक की जोड़ी ने भी सामूहिक विवाह समारोह के इस असाधारण कार्यक्रम में शादी की है। वे दोनों नारायण सेवा संस्थान में आए थे, जहां जया के परिवार ने पाया कि दीपक उसके लिए सबसे अच्छा जीवन साथी हो सकता है। उन्होंने 32वें 'दिव्यांग एवं निर्धन शाही सामूहिक विवाह समारोह 2019' के तहत अपने विवाह समारोह की व्यवस्था में मदद के लिए नारायण सेवा संस्थान से संपर्क किया। जया और दीपक ने नारायण सेवा संस्थान से कौशल विकास प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है जिससे उनके कॅरियर को दिशा मिली। जया नारायण सेवा संस्थान की चिल्ड्रन एकेडमी में पेंटिंग शिक्षक के रूप में काम कर रही हैं और दीपक संस्थान से ही मोबाइल मरम्मत में डिप्लोमा हासिल करने के बाद अपना उद्यम शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

राज्यपाल का संदेश व अखबार की सुर्खियों में विवाह

राजभवन
जयपुर - 302006

सत्यमेव जयते

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर एवं दिल्ली आश्रम द्वारा दिनांक 03 मार्च, 2019 को विशाल निःशुल्क दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन में शामिल होने की मेरी इच्छा थी, मगर पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की व्यस्तता के कारण कार्यक्रम में मैं शामिल नहीं हो पा रहा हूँ।

आयोजन के लिए शुभकामनाएँ।

(कल्याण सिंह)

MASS MARRIAGES

Kailash Manav, founder of Narayan Seva Sansthan, and its president Prashant Agarwal give blessings to 52 specially abled & underprivileged couples, at the Rajouri Gardens, in the Capital on Saturday. SNS

52 differently-abled couples tie knot at mass wedding

New Delhi: Fifty-two couples belonging to the differently-abled and economically weaker sections (EWS) tied the knot at a mass wedding here on Saturday.

Chosen from different states of the country by charitable organisation Narayan Seva Sansthan (NSS), these couples tied the knot in the two-day-long gala ceremony.

"The couples got household routine appliances and gifts as 'kanyadaan' (marriage ritual) to start their new married life," Prashant Agarwal, president of the NSS, said. They also got skill development training from the NGO, Agarwal said.

Among those who married are Jaya and Deepak from Dhulia in Maharashtra. Similarly, Surajmal and Eitri, Lalita and Ganesh and Nakkalal and Kripa from Rajsthan; Gulab and Bibi from Uttar Pradesh and Bankim and Kavita from West Bengal were among the couples who got married, he added.

अनोखे अंदाज में दिव्यांग जोड़ों ने रचाई मेहंदी

राजौरी गार्डन में चल रहा 52 दिव्यांग जोड़ों का विवाह समारोह

वेस्ट दिल्ली, 2 मार्च (नवोदय टाइम्स): राजौरी गार्डन में 2 व 3 मार्च को 52 दिव्यांग व निर्धन जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस अनोखे विवाह समारोह में शनिवार शाम सर्वप्रथम गणपति महाराज की स्थापना की गई। इसके बाद देश दुनिया से यहां पर आए सैकड़ों भामाशाहों व दानदाताओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। क्योंकि इन्हीं लोगों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष इतने साल बाद के साथ दिव्यांगों के सामूहिक विवाह का आयोजन हो पाता है।

इस दौरान दुल्हनों और दूल्हों ने हाथों में मेहंदी रचाई। एक साथ इतने नव युगलों की मेहंदी रस्म का दृश्य खासा आकर्षक रहा। समारोह में जिन दिव्यांगों व निर्धन जोड़ों के परिजन मौजूद थे, उन्होंने नव युगलों को आशीर्वाद दिया। जिनके परिजन किसी कारणवश कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए, उनको भामाशाहों ने आशीर्वाद दिया। नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि विवाह समारोह हिंदू रीति, रिवाज के अनुसार कराया जा रहा है। जिसमें हर छोटी बड़ी रस्म का पूरा ख्याल रखा जाता है। इस बार महाराष्ट्र की जया व दीपक का विवाह खास है। दोनों नारायण सेवा संस्थान में मिले और शादी करने का फैसला लिया। नारायण सेवा संस्थान से दोनों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त है। आज जया एनजीओ संचालित स्कूल में पेंटिंग टीचर हैं। दीपक मोबाइल रिपेयरिंग का उद्यम शुरू करने जा रहे हैं।

विवाह समारोह में एक दुल्हन को मेहंदी लगाई जा रही है।

राजौरी गार्डन में 32वें दिव्यांग और निर्धन व्यक्तियों के सामूहिक विवाह समारोह में 52 दिव्यांग व निर्धन जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। अमर उजाला

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

चिकित्सा सहायता

हाथी पांव के इलाज में मदद

उत्तरप्रदेश के इटावा शहर में छात्र विवेक को 'हाथीपांव' रोग से मुक्त कराने का सेवा परमोधर्म ट्रस्ट नारायण सेवा संस्थान ने बीड़ा उठाया है। खेतीहर शैलेश का पुत्र विवेक गत 6 वर्ष से इस रोग से ग्रस्त था और ज्यों-ज्यों उम्र बढ़ी चलने-फिरने और उठने बैठनें में भी उसे ज्यादा परेशानी होने लगी। खेती भी इतनी नहीं थी कि 5-6 सदस्यीय परिवार का खर्च पूरा हो सके, बावजूद इसके विवेक के पांव का विभिन्न अस्पतालों में तीन बार ऑपरेशन हुए, किन्तु सभी नाकाम रहे।

पिछले दिनों केरल के एक अस्पताल में चेकअप कराने के बाद रोग से मुक्त होने की आशा जगी। डॉक्टरों ने आश्वस्त किया कि ऑपरेशन के बाद हालात में 75 प्रतिशत सुधार आ जाएगा। लेकिन ऑपरेशन खर्च सुनकर विवेक और उसके पिता हताश हो गए। क्योंकि पूर्व की जमा पूंजी और कर्ज से कराए गए तीनों ऑपरेशन नाकाम हो चुके थे। गरीब किसान अब एक मुश्त 75 हजार की राशि खर्च करने में असमर्थ था।

पिछले दिनों सेवा परमो धर्म ट्रस्ट-नारायण सेवा संस्थान से सम्पर्क करने पर, विवेक के इलाज का संपूर्ण व्यय ट्रस्ट ने वहन करने का निश्चय करते हुए, उसे राशि उपलब्ध करवाई। हॉल ही में सफलतापूर्वक पांव का ऑपरेशन भी संपन्न हो गया है।

ल्यूकेमिया पीड़ित मासूम को मिला नया जीवन

राजस्थान के जोधपुर शहर में महज 1 साल की मासूम को जन्म के कुछ माह बाद ही ल्यूकेमिया नामक बीमारी ने जकड़ लिया। शहर के प्रतापनगर मोहल्ला निवासी ऑटो ड्राईवर विक्रम सांचोरा बेटी की जान पर मंडराते खतरे से परेशान हो गए। वे पहले से ही पत्नी की थाइराइड की समस्या से दुखी थे। चिकित्सकों के अनुसार बोनमेरो ट्रांसप्लांट से ही बच्ची की जान बचाई जा सकती है, लेकिन परिवार के सामने आर्थिक तंगी थी और वह इलाज करवाने में अपने को असमर्थ पा रहा था। अहमदाबाद के एक अस्पताल में दिखाने पर डॉक्टरों ने इसका बड़ा खर्च बताया। मासूम समृद्धि के बडे भाई युवराज का बोनमेरो समृद्धि से मेच तो हो गया लेकिन ट्रांसप्लांट के लिए पहाड़ सा खर्च जुटाना विक्रम के लिए आसमान से तारे तोड़ने के समान था। इसी दौरान जोधपुर के ही किसी सज्जन ने उन्हें नारायण सेवा संस्थान से संपर्क करने की सलाह दी। सांचोरा के मन में उम्मीद की किरण जगी और उन्होंने उदयपुर आकर संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल से भेट कर उन्हें अपनी आर्थिक स्थिति और बच्ची के बोनमेरो ट्रांसप्लांट संबंधी डॉक्टरों की सलाह और उसमें होने वाले खर्च की जानकारी दी। जिस पर संस्थान की ओर से इलाज में होने वाले खर्च में आर्थिक सहयोग 4.50 लाख रुपये उपलब्ध कराए गए। समृद्धि का हाल ही में जयपुर- दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्सालयों में उपचार संपन्न हुआ और वह स्वास्थ्य लाभ ले रही है।

कैंसर पीड़ित कुसुम का इलाज आरंभ

➲ नारायण सेवा संस्थान कैंसर पीडित महिला का इलाज करवाएगा। संस्थान की नरवाना शाखा के संयोजक धर्मपाल गर्ग ने बताया कि करनाल जिले के सांभली गांव निवासी कुसुम देवी पिछले कुछ समय से कैंसर पीड़ित है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिजन इलाज करवाने में सक्षम नहीं थे। नरवाना शाखा ने केंसर अस्पताल में उनकी जांच करवाई। डॉक्टरों ने इलाज का खर्च करीब 5 लाख रुपये बताया। संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया ने संस्थान की मदद से इलाज पर सहमति व्यक्त की। उपचार खर्च की पहली किस्त सवा दो लाख रुपये संबंधित चिकित्सालय के खाते में जमा करवा दिए गए। उपचार आरंभ हो गया है। कुसुम और उनके परिवार ने संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया, नरवाना शाखा संयोजक श्री धर्मपाल गर्ग, शाखाध्यक्ष रमेश मित्तल, राजेन्द्र गर्ग, राजेश गुप्ता, रमेश सिंघला, मनोज शर्मा, गौतम पांचाल, अचल मित्तल,संजय मित्तल, रमेश वत्स, हैप्पी मित्तल व अनिल वत्स के प्रति आभार जताया है।

राइफल-पिस्टल शूटिंग में 13 का चयन

➲ संस्थान में 25 फरवरी से 3 मार्च तक सम्पन्न सप्त दिवसीय राइफल एवं पिस्टल शूटिंग प्रशिक्षण शिविर में अगले चरण के गहन प्रशिक्षण के लिए 13 छात्रों का चयन किया गया। जिनमें सेवा परमो धर्म ट्रस्ट के किशन भगोरा, नरेश गमार, सुरेश, रामलाल पारगी, रविन्द्र बम्बुरिया, नरेश बम्बुरिया तथा भगवान महावीर बालगृह के ललित कुमार, राजेन्द्र, लक्ष्मण पारगी, मेघराज गमार, कैलाश मीणा, किशन पारगी व रमेश कुमार शमिल हैं। ये सभी कक्षा 6 से 12 तक के विधार्थी हैं। संस्थान के सेवा महातीर्थ बड़ी स्थित नारायण चिल्ड्रन एकेडमी परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। शिविर प्रभारी विकास कुमार तथा कोच तीरथपाल सिंह राठौड़ थे।

जूडो- कराटे चयन शिविर

➲ नारायण सेवा संस्थान की ओर से कमबाट मार्शल आर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी में 4 से 10 मार्च तक सम्पन्न सप्त दिवसीय जूडो-कराटे प्रशिक्षण शिविर में अगले चरण के गहन प्रशिक्षण के लिए 20 छात्रों का चयन किया गया। जिनमें सेवा परमो धर्म ट्रस्ट के लक्ष्मण, जितेन्द्र व जगदीश तथा भगवान महावीर बालगृह के जितेन्द्र, रविन्द्र व ललित भी शामिल हैं। ये सभी कक्षा 6 से 12 तक के विधार्थी हैं। शिविर में 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। प्रभारी विकास कुमार व कोच कपिल सोनी व हेमलता गरासिया थे।

श्रद्धांजलि

➲ सिकंदराबाद (हैदराबाद - तेलंगाना निवासी संस्थान सहयोगी एवं आध्यात्मिक साधक महर्षि डॉ. योगीराज जी का 28 फरवरी 2019 को देवलोकगमन हो गया। उनके निधन पर समुदाय तथा संस्थान के साधको ने गहरा शोक व्यक्त किया है। संस्थान संस्थापक श्री कैलाश जी मानव व अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महर्षि डॉ योगीराज अपने पीछे व्यथित हृदय स्नेहलता रॉय (गुरु मां) सहित समृद्ध परिवार छोड़ गए है।

महाशिवरात्रि पर चिकित्सा शिविर

➲ नारायण सेवा संस्थान के चैनराज सावंतराज पोलियो हॉस्पीटल में 4 मार्च को बड़ी स्थित लियो के गुड़ा में भजन गायक कमलेश मेनारिया ने महाशिवरात्रि पर्व पर 101 जन्मजात पोलियोग्रस्त बच्चों के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने मूक-बधिर व विमंदित बच्चों द्वारा तैयार हस्तशिल्प एवं दिव्यांगो के लिए चलाए जा रहे निःशुल्क रोजगारपरक प्रशिक्षण केन्द्रों तथा केलीपर वर्कशॉप का अवलोकन भी किया। अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में विभिन्न राज्यों के बच्चे शामिल हैं। संचालन आदित्य चौबीसा ने किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

स्नेह मिलन

400 से अधिक सेवा सहयोगी हुए शामिल

नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में 17 फरवरी को सेवा महातीर्थ,बड़ी में संस्थान सहयोगियों का स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न राज्यों के 400 से अधिक सेवा सहयोगी उपस्थित थे। संस्थान संस्थापक पूज्य श्री कैलाश जी मानव एवं सह संस्थापिका श्रीमती कमला देवी जी के सानिध्य में हुए सम्मेलन में दिव्यांग एवं निर्धनजन के लिए निःशुल्क सेवा प्रकल्पों को और अधिक गति देने पर विचार किया गया। संस्थान के सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए पूज्य श्री मानव जी ने कहा कि दिव्यांगजन की निःशुल्क चिकित्सा के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरु किए गए विभिन्न रोजगारोन्मुख प्रशिक्षणों के माध्यम से जहां बडी संख्या में दिव्यांग रोजगार से जुड़े हैं, वहीं 1300 से अधिक दिव्यांग व निर्धन जोड़ों के निःशुल्क विवाह करवाएं गए हैं। संस्थान की नारायण चिल्ड्रन एकेडमी व भगवान महावीर बाल गृह के मूकबधिर एवं प्रज्ञाचक्षु बालकों ने जिम्नास्टिक एवं देश भक्ति परक नृत्य-गीतों की प्रस्तुतियां दी। दिव्यांग योगेश एवं जगदीश ने व्हील चेयर पर शारीरिक कौशल का प्रदर्शन किया। एक वृहद रंगोली के माध्यम से पुलवामा में आतंकियों के हमले में शहीद हुए जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संस्थान अध्यक्ष सेवक प्रशांत भैया ने सहयोगियों का स्वागत करते हुए संस्थान द्वारा देश-विदेश में दिव्यांगजनों की सहायतार्थ लगाए गए सेवा शिविरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेवा और परोपकार तभी हो सकते हैं जब व्यक्ति में संवेदना और भावना हो। सम्मेलन का उद्घाटन श्री कैलाश जी मानव व मुख्य अतिथि चारुलताबेन व भगवानभाई लन्दन, रमणीक भाई औरंगाबाद, व कमला देवी जी ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कुसुम जी गुप्ता दिल्ली ,रानी दुलानी जी मुम्बई, तरुणा जी पटेल व कोकिलाबेन सूरत, जसवंत भाई व वल्लभभाई अहमदाबाद, रविशंकर जी भट्ट बड़ौदा थे। सम्मेलन को सहसंस्थापिका कमलादेव जी, निदेशक- ट्रस्टी श्री देवेन्द जी चौबीसा, वरिष्ठ साधक भगवान प्रसाद गौड़ व गोपेश कुमार शर्मा ने भी संबोधित किया। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवा कार्यो के लिए सहयोगियों को 'सेवा मनीषी' सम्मान प्रदान किया गया। सम्मेलन के दूसरे दिन सेवा सहयोगियों ने नगर भ्रमण के साथ श्रीनाथ जी के दर्शन भी किए। संचालन महिम जैन ने किया।

पाली

राजस्थान के पाली शहर में 24 फरवरी 2019 को होटल मिंट इंटरनेशनल मे आयोजित आत्मीय स्नेह मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि श्री कांतिलाल मूथा, मीठा लाल जी शर्मा, रामलाल मोबारसा, के.एम शर्मा व मनोज जी मेहता थे। अतिथियों व भामाशाहों का सम्मान प्रभारी साधक श्री राजमल व भंवर सिंह ने तथा संचालन श्री सुशील कौशिक ने किया।

अजमेर 10 फरवरी 2019 को मारवाड़ी पंचायती अग्रवाल धर्मशाला,अजमेर में आयोजित आत्मीय स्नेह मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्य अथिति अजमेर शाखा अध्यक्ष श्री गोपाल जी मित्तल थे। विशिष्ट अतिथि श्री गुलाब जी मेघानी, श्रीमती पार्वती जी गौड़, श्रीमती चंद्रकला जी जिरोतिया,शाखा प्रेरक किशनगढ़-श्री सत्यनारायण जी कुमावत, श्री प्रेम नारायण जी मित्तल थे। फतह सिंह चौहान एवं विक्रम सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत व संचालन श्री ओमपाल सीलन ने किया।

सत्संग

श्री राम -कृष्ण कथा एवं दीन बंधु वार्ता

संस्थान के लियों का गुड़ा (बड़ी) स्थित सेवा महातीर्थ में 26 से 28 फरवरी व 5 से 8 मार्च 2019 तक पूज्य गुरुदेव श्री कैलाश जी 'मानव' ने 'श्रीराम- कृष्ण अवतार कथा' के पारायण के साथ निशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए संस्थान में आए दिव्यांग भाई-बहिन एवं उनके परिजनों से अपने विचार साझा किये। 'संस्कार' व 'आस्था चैनलों पर देश भर में प्रसारित उनके विचारों को यहां संक्षिप्त रुप से प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन श्री महिम जैन।

राम-कृष्ण कथा अमृत का प्रवाह

जहां से हमारा मूल है, वह नारायण है। मूल की पहचान ही हमारा कर्तव्य है। मनुष्य को अपने कर्तव्य का बोध होना चाहिए। बिना साधना मनुष्य अपना मूल नहीं खोज सकता। कलियुग में राम का नाम कल्पतरू के समान कल्याणकारी है।राम कथा कलियुग में सब मनोरथों को पूर्ण करने वाली कामधेनू गौ है और संजीवनी जड़ी है। पृथ्वी पर यही अमृत की नदी है, जन्म-मरण रूपी भय का नाश करने वाली है। अगर मनुष्य के जीवन में सरलता व परोपकारिता आ जाए तो भगवान की प्राप्ति जरूर होगी। परोपकार से बड़ा कोई पुण्य नहीं होता है और दूसरों को दुख देने से बड़ा कोई दूसरा पाप नहीं हो सकता। माता- पिता की आज्ञा को हमेशा शिरोधार्य करना चाहिए। राम कथा वह दर्पण है, जो सच्चाई का दर्शन कराती है। श्रीराम नाम के उच्चारण मात्र से जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। जिसने श्रीराम के जीवन चरित्र को समझ लिया और एक अंश भी अपने जीवन में ग्रहण कर लिया तो उसका जीवन सार्थक हो जाएगा। श्रीराम का नाम भवसागर पार लगाने में सक्षम है। श्रीराम कथा में अनेक चरित्र ऐसे हैं जिनसे प्रेरणा ली जा सकती है। श्रीराम कथा के पारायण और श्रवण से जीवन में शांति आएगी।श्रीराम कथा सुनने वाले के जीवन में निश्चित रूप से सार्थक परिवर्तन होता है। भक्ति का अर्थ है भगवान से कभी कुछ न मांगना और स्वयं समर्पित भाव से सेवक बने रहना। योगी और ज्ञानी बनना सरल है, लेकिन सेवक बनना कठिन है। भक्ति ऐसा तत्व है जो जीव को परमात्मा के निकट ले जाता है।यह मानव शरीर छूटने के लिए मिला है बंधने के लिए नहीं। मानव जन्म का प्रतिफल प्रवृत्ति नहीं, निवृत्ति है। इसलिए परिवार के पोषण के साथ - साथ दीन - दुखियों की अपनी सामर्थ्य के अनुसार सेवा करनी चाहिए। इसे अपने दैनन्दिन क्रम में जोड़ना चाहिए।

सहायता शिविर

राजकोट में दिव्यांग सहायता शिविर

नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में अरोड़ा परिवार (राजकोट) के सौजन्य से हरि हर सोसायटी कम्यूनिटी हॉल में 10 मार्च 2019 को जन्मजात पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए चयन एवं जरुरतमंद दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण व कृत्रिम अंग नाप शिविर संपन्न हुआ।शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि शहर प्रमुख श्री कमलेश भाई मिराणी ने किया। अध्यक्षता क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष पी. टी जड़िजा थे। विशिष्ट अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष श्री राजु भाई अधेरा थे। शिविर में 214 दिव्यांगजन का पंजीयन हुआ। जिनमें से पी एण्ड ओ डॉ. हिना पटेल ने 30 दिव्यांगों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।शिविर में 20 ट्राई साइकिल, 5 व्हील चेयर व 25 जोड़ी बैसाखी वितरित की गईं। 9 दिव्यांगों के कृत्रिम हाथ - पांव बनाने के लिए नाप लिए गए। अतिथियों का स्वागत प्रभारी विनोद चौबीसा ने किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

शिरपुर में ऑपरेशन चयन

नारायण सेवा संस्थान एवं आर.सी पटेल मेडिकल फॉउन्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में 26 फरवरी 2019 को शिरपुर (महाराष्ट्र) आर.सी.पटेल जिमखाना ग्राउंड, में विशाल निःशुल्क दिव्यांगजन ऑपरेशन जॉच चयन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर संपन्न हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक श्री काशीराम जी बेचान, नगर सेवक श्री हर्षद जी राजपूत एवं मर्चेन्ट बैंक के चेयरमैन श्री प्रसन्न जी जैन ने किया। विशिष्ट अतिथि बालाजी सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष श्री गोपाल जी भण्डारी तहसील कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री प्रभाकर राव जी, प्रियधर सेमी स्पीनिंग मील के चेयरमैन श्री भूपेश भाई पटेल, वाइस चेयरमैन श्री जयवाल भाई पाडची, जिला जैन समाज के अध्यक्ष श्री नवनीत जी जैन, शिरपुर नगर पालिका अध्यक्ष जय श्री बेन पटेल, जिला परिषद सदस्य कल्पना जी राजपूत, पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री बसन्त जी पाटिल, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव श्री तपन भाई पटेल, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धूले श्री सुभाष दादा कुलकर्णी, धूमिल जी जैन व श्री प्रकाश जी गुरव उपस्थित थे। शिविर में 586 दिव्यांगजन का पंजीयन हुआ। जिनमें से 82 का निःशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए चयन किया गया। संस्थान के पी एंड ओ डॉ. पंकज कुमार ने परीक्षण कर 65 दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग व 140 कैलीपर बनाने का नाप लिया। शिविर में 15 दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल, 5 व्हील चेयर व 25 बैसाखी की जोड़ियां प्रदान की गई,स्वागत फतेह सिंह चौहान ने किया।

सीलमपुर में उपकरण वितरित

